डॉ. अविनाश चन्द्र, 31 जनवरी, 2015 को जब अग्नि-5 का अंतिम सफल परीक्षण हो गया, तो शाम को बिना किसी सम्मान के उनको रास्ता दिखा दिया गया, हटा दिया गया। एक तरफ वाजपेयी जी ने इतना सम्मान दिया और दूसरी तरफ आप अपमानित करते हैं, यह कोई अच्छा रिवाज नहीं है, इससे लोगों का मनोबल टूटता है। ये देश के ऐसे नागरिक हैं, जिन्होंने बड़ा काम किया है। यह परम्परा अच्छी नहीं है, यह परम्परा बहुत गलत है। मुझे आज आपसे एक चीज़ और कहनी है। कई साथियों ने आपकी विदेश नीति के बारे में जिक्र किया। इस पर चर्चा तो है नहीं, सिर्फ दो पैराग्राफ्स हैं।

प्रधान मंत्री जी, आप अफ्रीका गये, अच्छी बात है। आप ब्रिक्स के सम्मेलन में ब्राजील गये, बहुत अच्छा। आप जी-20 के शिखर सम्मेलन में गये, आस्ट्रेलिया गये। आप ईस्ट एशिया समिट में म्यांमार गये। भारत में चीन के राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग आये। भारत में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन आये। भारत में अमेरिका के राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा पहली बार हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आये। यह अलग बात है और मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है कि आपकी क्या घनिष्ठता है, आप उनको कैसे सम्बोधित करते हैं, यह आप दोनों का अपना मामला है, इसमें मैं बीच में नहीं आता। परन्तु मुझे एक बात कहनी है। इन सब देशों से हमारी स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप है। इन रिश्तों का सामरिक महत्व है और इन रिश्तों में संवेदनशीलता है। इन रिश्तों में संतुलन बनना चाहिए। विदेश नीति दुनिया के अन्दर देश के हित को, नेशनल इंटरेस्ट को प्रोजेक्ट करती है। उपसभापति जी, एक चिन्ता है, जो देश को बताना जरूरी है। भारत की आज़ादी के बाद पहली बार एक बात हुई है। रूस हमारा भरोसेमंद दोस्त है। रूस ने मुश्किल की हर घड़ी में भारत का साथ दिया और जब कोई चुनौती आई, रूस भारत के साथ खड़ा रहा। क्या वजह है, प्रधान मंत्री जी, कि पहली बार 1947 के बाद रूस ने पाकिस्तान के साथ डिफेंस पैक्ट कर दिया, सिक्योरिटी पैक्ट कर दिया? यह हमारे लिए बड़ी चिन्ता की बात है। यह अच्छी बात नहीं हुई। आपको इसे सुधारना चाहिए। क्या कारण है कि आपने कभी खाड़ी के देशों की तरफ नहीं सोचा? इसके क्या वजूहात हैं? खाड़ी के देशों से, पश्चिम एशिया से हमारे सम्बन्ध आपकी सरकार आने के बाद कमज़ोर हुए हैं। विदेश नीति पूरे विश्व के लिए होती है। विदेश नीति सीमित नहीं रहती। ये देश भारत के लिए महत्व रखते हैं। भारत के पचासों लाख लोग इन देशों के अन्दर रहते हैं। आपने क्या किया, यह आपको सोचना चाहिए?

मुझे आपसे एक बात और कहनी है। हमें कोई गरज नहीं है, अभी श्री डी. राजा इस बात को कह रहे थे कि आपने क्या बात की, राष्ट्रपति ओबामा से परमाणु क्षेत्र में क्या समझौता किया, वह बड़ा महत्वपूर्ण है। इसको अन्यथा न लें। आप जरूर बतायें कि क्या आश्वासन दोनों तरफ से दिये गये? यह एक सवाल है। कम से कम अब तो स्वीकार कर लीजिए, बराक ओबामा जी से तो मन की बात करते हैं, इधर हमारे साथ भी कर लीजिए और उसका श्रेय तो इधर दे दीजिए। 2008 में जो न्यूक्लियर एग्रीमेंट हुआ था, जो समझौता हुआ था, अब तो मान लीजिए। तब तो हमारी सरकार गिरानी थी। बिल्कुल उस कसौटी पर सरकार लगा दी थी। चुनौती हुई थी, वोट पड़े थे, कई अन्य विषयों पर सरकार गिराने की कोशिश हुई थी। अच्छी बात है कि देर आये दुरुस्त आये। आप उस बात को मान गये कि जो हम कर रहे थे, जो यूपीए सरकार कर रही थी, वह भारत के हित में था, सर्वोच्च हित में था।

[श्री आनन्द शर्मा]

आपने उसे कुबूल किया है, यह अच्छी बात है। एक होता है वि पक्ष में रह कर कुछ कहना और जब उधर जाते हैं तो तस्वीर दूसरी दिखती है। इसलिए शायद आपको हमारी मुश्किलातें समझ में आयी होंगीं और आपने यह भी देखा होगा कि डा. मनमोहन सिंह जी की, यूपीए सरकार की, सोनिया गांधी जी की और हम लोगों की क्या सोच रही थी।

मैं आपसे एक और बड़ी चिन्ता की बात करना चाहता हूँ। इसको आप ज़रा गौर से सुनिये। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के साथ हमारे सम्बन्ध विशेष महत्व के हैं। हमने इन देशों के साथ, इन महाद्वीपों के साथ सम्बन्धों को मजबूत किया था। हमने इब्सा को आगे बढ़ाया। इंडिया, ब्राजील और साउथ अफ्रीका तीन बड़े प्रजातंत्र हैं और तीन इमर्जिंग इकोनॉमीज़ हैं। इनमें एक एशिया की है, एक अफ्रीका की दक्षिण अफ्रीका है और तीसरा ब्राजील है। उसको हमने आगे बढ़ाया। काम ढीला हुआ है। जहां 'ब्रिक्स' जरूरी है, वहीं ' 'IBSA' भारत के लिए जरूरी है, इस चीज को भूलना नहीं चाहिए। अफ्रीका पर दुनिया की निगाह है और भारत का एक विशेष रिश्ता अफ्रीका के साथ है। I have always maintained that India's relationship with Africa is distinct and different than the engagement of any other country in the world, a continent which is resource-rich both in human resources and material resources and mineral resources.

हमने अफ्रीकन यूनियन से बात की, हमने शिखर सम्मेलन बुलाया। India-Africa Forum Summit पहली अप्रैल, 2008 में और दूसरी Addis Ababa में मई, 2011 में और अब यह होनी थी 2014 में। इसको सदन सुने कि क्या हुआ। पहले तो जो हमारा करार था, हमारा समझौता था अफ्रीकन यूनियन के साथ कि पार्टिसिपेशन क्या होगा। उन्होंने हमको Format of participation दिया था, पर उसी के मुताबिक हमने उनको बुलाया। आपने तय किया, मैंने आपके विदेश मंत्री को आगाह किया कि अफ्रीकन यूनियन की, उनकी sensitivity है, संवेदनशीलता है। वह पहले कहते थे, जब हमने बात की थी, मुझे उनके शिखर सम्मेलन में बात करने के लिए भेजा गया था, उन्होंने कहा कि हमको भारत ऐसे नहीं बुलाए, जिस तरह दूसरे देश हमको बुलाते हैं। हम गरीब जरूर हैं, संघर्ष जरूर हो रहा है, पर हमारे सारे राष्ट्राध्यक्षों को, सारे प्रधान मंत्रियों को कोई बुलाए, हमको अच्छा नहीं लगता। अफ्रीका यूनियन में उस समय अफ्रीका के कई राष्ट्राध्यक्षों ने इस पर अपनी आपत्ति व्यक्त की थी। इसलिए हमने कहा कि आप हमें समझाएं कि पार्टिसिपेशन का क्या फॉरमेट होगा, हम आपको उसी तरह से सम्मान से बुलाएंगे। पर, आपने फैसला किया कि सबको बुलाओ। यह मुझे बताया गया, ठीक है। हमको चिंता थी। आपने 54 राष्ट्राध्यक्षों, प्रधान मंत्रियों को निमंत्रण भेज दिया, यह प्रधान मंत्री की तरफ से जाता है। यह दिसम्बर में होना था और वह गया। आपने इसका क्या कारण बताया? आपको कारण तो सोचकर बताना चाहिए। डिप्लोमेसी भी अपने आप में बड़ी गंभीरता की बात है। कहा कि अफ्रीका में इबोला वायरस है। इबोला वायरस तीन छोटे देशों में है, यह Equatorial Guinea में है, Sierra Leone में थोड़ा सा आया था, घाना को छुआ भी नहीं, बाकी अफ्रीका में नहीं है।

मैं आज सदन में कह रहा हूँ, मैं नाम नहीं लूंगा, दो राष्ट्रपतियों ने और एक प्रधान मंत्री ने मुझसे बात की है। हमने भी वर्षों काम किया है, हमारे भी संबंध हैं और मुझे यह कहा कि आनन्द शर्मा जी,

आपके देश के प्रधान मंत्री जी जब संयुक्त राष्ट्र संघ में थे, तब सब चीजें ठीक थीं। हम भी वहां पर थे, वहां आपके मित्र बराक ओबामा जी को भी अफ्रीका के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री ठीक लगते थे, आपको भी ठीक लगते थे। उसी संयुक्त राष्ट्र संघ में बैठते थे, तब वह ठीक था। तब इबोला वायरस नहीं था, पर हिन्दुस्तान आने के लिए आपने खुद निमंत्रण दिया था, वह इनको ठेस पहुंचाई है, उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, इसको दुरुस्त करना आपके लिए जरूरी है। मैं बड़े अदब से कहूंगा कि इसको आप अन्यथा मत लें। आज हमारे देश में स्वाइन फ्लू फैला हुआ है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री आनन्द शर्मा: सर, मैं दो मिनट में समाप्त कर रहा हूँ। सर, आज हमारे देश में स्वाइन फ्लू फैला हुआ है। ...(**व्यवधान**)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी: सर, इनसे आधे घंटे की बात हुई थी और ये आधे घंटे से ज्यादा बोल चुके हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री मोहम्मद अली खान (आन्ध्र प्रदेश): सर ...(**व्यवधान**)...

†**محمد علی خان**: سر — (مداخلت) —

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You don't disturb, Shri Khan.

श्री आनन्द शर्मा: सर, मैं दो मिनट में समाप्त कर रहा हूँ। सर, मुझे एक बात कहनी है कि आज अगर हमारे देश में स्वाइन फ्लू है, हमारे देश के प्रधान मंत्री, हम आपका सम्मान करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री आनन्द शर्मा: आप दूसरे देशों में जाते हैं। अगर कहीं से आपको निमंत्रण आया हो और वह यह कह कर कैंसिल कर दिया जाए कि भारत में स्वाइन फ्लू है, आप मत आएं, तो भारत इसको बरदाश्त नहीं करेगा।

[MR. CHAIRMAN in the Chair.]

इसी तरह जो आपने किया है, मेरा आपसे यह निवेदन है, आग्रह है कि यह देश के हित में होगा कि इस पर आप खुद गौर करें, इसको सुधारें। अंत में मुझे आपसे यही कहना है, माननीय सभापति महोदय, कि सरकार नौ महीने के बाद अपने किए वायदों का हिसाब दे। आप देश के हित में जो काम करेंगे, आपको हमारी तरफ से रचनात्मक सहयोग मिलेगा। हममे से कोई नहीं चाहता कि देश आगे न

†Transliteration in Urdu Script.

[श्री आनन्द शर्मा]

बढ़े। पर अगर कोई बात हिन्दुस्तान को कमजोर करेगी, अगर कोई चीज़ ऐसी हुई, आपकी कोई नीति जो जनहित में नहीं हुई, तो हम एक बात स्पष्ट करना चाहते हैं, उसका विरोध होगा।

समय को देखते हुए अंत में मैं सिर्फ एक बात कहूँगा। जो आपकी कारगुजारी रही, जो वादाखिलाफी रही, उसको देखकर यह कहना हैः

"दावा था जिनका कि वो गुल खिलाएँगे,
देख रहा है देश, कुछ दिन के बाद वो गुलशन लुटाएँगे।"

धन्यवाद।

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी)ः आदरणीय सभापति जी, आदरणीय राष्ट्रपति जी के उद्बोधन पर, धन्यवाद प्रस्ताव पर यहाँ विस्तार से चर्चा हुई है। मैं भी आदरणीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रकट करने के लिए उपस्थित हुआ हूँ और इस सदन से भी यह प्रार्थना करने के लिए उपस्थित हुआ हूँ कि हम सब सर्वसम्मति से आदरणीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर, इस धन्यवाद प्रस्ताव को पारित करें।

चर्चा में सभी आदरणीय सदस्यों ने विस्तार से मार्गदर्शन किया है। मैं सबका आभारी हूँ। एक बात सही है कि यह सदन काउंसिल ऑफ स्टेट्स है। हममें से कई सदस्य ऐसे होंगे जिन्होंने जब उस राज्य का प्रतिनिधित्व किया होगा, तब उस राज्य की जनता का मूड एक होगा और आज उस राज्य की जनता का मूड दूसरा है। वहाँ राजनीतिक परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। जनता ने निर्णय बदले हैं और उस अर्थ में काउंसिल ऑफ स्टेट्स के हिसाब से उन राज्यों की जो भावनाएँ हैं, वहाँ की जो सरकारें हैं, उनकी भावनाएँ हैं, जिन्हें वहाँ की जनता ने चुनकर बिठाया है, उसका प्रतिनिधित्व यहाँ होना बहुत आवश्यक भी है और स्वाभाविक भी है। हम किस दल के प्रतिनिधि हैं, उससे ज्यादा हम जिस राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, उस राज्य में आज व्यवस्था जो है, उसका प्रतिनिधित्व है, उतनी ही हमारी जिम्मेदारी बनती है और उस अर्थ में यह सदन जनमत का भी आदर करेगा। जनता ने जो अपनी आशा और अपेक्षाओं को लेकर देश को सरकार दी है, उस सरकार का, उसके निर्णयों की आलोचना-विलोचना के साथ भी देश को आगे बढ़ाने के लिए साथ-सहयोग करना और साथ-सहयोग लेना, यह हम सब की मिली-जुली जिम्मेवारी है। मुझे विश्वास है कि उस मिली-जुली जिम्मेवारी को निभाने में हम पीछे नहीं हटेंगे।

दूसरा, लोकतंत्र में न धमकियाँ किसी की चली हैं, न चल सकती हैं। मुझे 10 साल तक गुजरात में हर दिन जेल भेजने की झाँसा चिट्ठियाँ आया करती थीं। ...(**व्यवधान**)... क्या खेल होते थे, मुझे मालूम है, मैं कहना नहीं चाहता हूँ, क्योंकि जनता ने मुझे कुछ और दायित्व दिया है। लेकिन, कभी न कभी इतिहास के पन्नों पर ये चीजें आकर रहने वाली हैं। इसलिए धमकियों का चरित्र किसका है, भाषा किसकी है, यह सब जानते हैं। लोकतंत्र में, आपातकाल में क्या कुछ जुल्म नहीं हुए थे। इससे बड़ी

4.00 P.M.

धमकियाँ क्या होती हैं? लेकिन, यह देश झुका नहीं था। इसलिए जो बातें कही नहीं गई हैं, कृपा करके ऐसी बातों को किसी के मुँह में न डाला जाए। क़ानून के तरीके से ही देश चलना चाहिए, क़ानून के दायरे में चलना चाहिए।

यहां पर यह भी बात होती है कि कुछ नया नहीं है, योजनाएं पुरानी हैं। यह सवाल मैंने उस सदन में भी कहा था और इस सदन में भी मुझे दोहराना पड़ रहा है। योजनाएं नई हैं, पुरानी हैं यह विवाद हमें दूर तलक ले जाएगा। मुद्दा समस्याएं पुरानी हैं। चिंता समस्याओं की है, समस्याओं के समाधान के रास्ते खोजने की है और हम इस बात के विचार वाले नहीं हैं कि हम यहां बैठे हैं इसलिए ईश्वर ने सारा ज्ञान हमको दिया है। यह सोच हमारी नहीं है। हममें भी पचासों कमियां हैं। लेकिन हम यहीं बैठकर के कमियों को पूरा कर सकते हैं और लोकतंत्र की यही तो ताकत है। कोई पूर्ण होने का दावा नहीं कर सकता। सब मिल करके पूर्ण होने की संभावना दिखती है। फिर भी शायद ईश्वर की इच्छा नहीं हो तो कुछ कम भी रह सकता है। इसलिए यह सोच हमारी नहीं है। इस सदन ने कभी यह नहीं सुना होगा और मैं शायद सच निकलूंगा, इस सदन ने कभी यह नहीं सुना होगा कि ट्रेजरी बेंच पर बैठ करके जो आज वहां बैठे हैं, उन्होंने कभी यह कहा हो कि इस देश को आगे बढ़ाने में किन्हीं औरों का भी योगदान था। जो आजादी के आंदोलन का क्रेडिट किसी को देने को तैयार नहीं हैं, वे विकास की यात्रा में औरों की भागीदारी को कैसे स्वीकार करेंगे? लेकिन मैं हूं जिसने.......**(व्यवधान)** मैंने लाल किले से कहा था कि यह देश आगे ले जाने में अब तक की सभी सरकारों का योगदान है, अब तक के सभी प्रधान मंत्रियों का योगदान है, सभी राज्य सरकारों का योगदान है। इसी सदन में मेरे पिछले भाषण को देख लीजिए, इन्हीं शब्दों को मैंने जिम्मेदारी और गर्व के साथ कहा हुआ है। हम यह नहीं मानते हैं, और हम तो यह भी सोच नहीं रखते हैं कि देश का जन्म 15 अगस्त, 1947 को हुआ था। यह हमारी सोच नहीं है। यह देश सदियों से, सहस्र वर्षों से बना हुआ है। ऋषियों ने, मुनियों ने, आचार्यों ने, भगवंतों ने, शिक्षकों ने, मजदूरों ने, किसानों ने, खेत और खलिहान में पसीना बहाने वाले लोगों ने यह देश बनाया है, सरकारों ने देश नहीं बनाया है। हम तो आते हैं, व्यवस्थाओं को चलाते हैं और फिर चले जाते हैं। इसलिए कृपा करके जो है ही नहीं, या जो आपके भीतर पड़ी हुई चीजें हैं, जिसको आपने जिया ऐसे ही है, कम से कम आप जिस नजरिए से जिए हो, उस नजरिए से हमें जीने के लिए मजबूर मत करो और न ही आप हमें उस प्रकार के आभूषणों से नवाजित करने की कोशिश करें।

आपने योजनाओं के बारे में कहा। मैं जरा सुनाता हूं। मैं बहुत लम्बा जा सकता हूं, 1984, 1986 तक जा सकता हूं लेकिन मैं उतना समय नहीं लूंगा। जब एन0डी0ए0 की सरकार थी, तब एक योजना थी, मल्टी परपज नेशनल आइडेंटिटी कार्ड प्रोजेक्ट। आप आए, वह बन गई आधार, यू0आई0डी0ए0आई0, वही योजना नया रंग रूप लेकर आई। सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, वाजपेयी जी के समय थी। महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट आपके समय आई।...**(व्यवधान)** सुनना पड़ेगा। अटल जी के समय योजना थी, फ्रीडम ऑफ इंफार्मेशन एक्ट। आप आए, राइट-टू-इंफार्मेशन एक्ट।....**(व्यवधान)**

श्री सभापति : बैठ जाइए।

श्री नरेन्द्र मोदी : अटल जी के समय था अंत्योदय अन्न योजना। आप आए, नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट। अटल जी के समय था सर्व शिक्षा अभियान और 86 कांस्टीट्यूशन अमेंडमेंट..(**व्यवधान**).. आपने राइट ऑफ चिल्ड्रन टु फ्री एंड कम्पलसरी एजुकेशन एक्ट कर दिया, अटल जी के समय था स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, आप लाए नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन..(**व्यवधान**)...अटल जी के समय था टोटल सेनीटेशन कैम्पेन, आप आए तो हुआ निर्मल भारत अभियान। अटल जी के समय था इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी और आपने पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी एक्ट कर दिया..(**व्यवधान**)..

श्री एम. वेंकैया नायडु: सर, ये कौनसी परंपरा है, जब प्रधान मंत्री जी बोल रहे हैं तो ये ऐसे खड़े होकर हंगामा करते हैं। ..(**व्यवधान**)..

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Chairman, Sir ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please sit down. ...*(Interruptions)*... Please ...*(Interruptions)*... Hon. Members, please observe silence. ...*(Interruptions)*... Please do not disturb. ...*(Interruptions)*... Please allow the hon. Prime Minister to proceed. ...*(Interruptions)*...

श्री एम. वेंकैया नायडु : सर, हमने आनन्द शर्मा जी को शांति से सुना, गुलाम नबी आज़ाद जी को शांति से सुना है, आप लोगों को सदन की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। देश के प्रधान मंत्री बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... संसद परिवार होता है ..(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: बैठ जाइए। Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please do not disturb. ...*(Interruptions)*... Please allow the hon. Prime Minister to proceed. ...*(Interruptions)*...

श्री नरेन्द्र मोदी : आदरणीय सभापति जी ..(**व्यवधान**)..

श्री सभापति : बैठ जाइए।

श्री एम. वेंकैया नायडु : सर, अगर नहीं सुनना चाहते, तो समाप्त कर दें?

MR. CHAIRMAN: Please proceed. ..(**व्यवधान**)... आप चुप रहिए।

श्री नरेन्द्र मोदी : आदरणीय सभापति जी, यहां कुछ राजनीतिक बातें भी हुई हैं, यह भी कहा गया कि ये कौन हैं, वह कौन है, काफी कुछ कहा गया। मैं सदन का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित

करना चाहता हूं कि राजनीतिक जीवन में perception के आधार पर निर्णय करने से कैसी गड़बड़ियां होती हैं। आप जानते हैं कि आप कहां से कहां पहुंच गए हैं। इसलिए सच्चाई के धरातल को भी राजनीतिक जीवन में समझना बहुत आवश्यक है। यह हमारे लिए और आपके लिए भी आवश्यक होता है। हम सिर्फ perception के आधार पर नहीं चल सकते। अभी मैं वेंकैया जी का भाषण सुन रहा था, वह कह रहे थे कि सब से ज्यादा किसान हमारे हैं, सब से ज्यादा दलित हमारे हैं। आप देखिए, आज लद्दाख को बीजेपी रिप्रजेंट करती है तो कन्याकुमारी को भी बीजेपी रिप्रजेंट करती है, कच्छ को अगर बीजेपी रिप्रजेंट करती है तो अरुणाचल प्रदेश भी बीजेपी रिप्रजेंट करती है। ...(**व्यवधान**)... इसलिए आप कच्छ से लेकर अरुणाचल तक देखिए। आप कभी सोचते थे कि ये हिंदी बेल्ट के लोग हैं, आप देखते हैं कि हम साउथ में भी सरकार बनाने में भी सफल रहे हैं। कभी-कभी हम पर यह आरोप भी लगाया जाता है कि उच्च वण के लोग ही इस पार्टी में है, लेकिन मुझे देखने के बाद आपको यह विचार बदलना पड़ा होगा। ऐसे कुछ राज्य हैं, जहां पर आदिवासियों की जनसंख्या ज्यादा है, उनमें से महाराष्ट्र हो, मध्य प्रदेश हो, छत्तीसगढ़ हो, झारखंड हो, राजस्थान हो, गुजरात हो, ये वे राज्य हैं जहां maximum आदिवासी हैं और वहां पर आदिवासी समाज ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता दी है। आपको यह भी मालूम है कि गोवा, जहां ईसाई समाज के निर्णायक वोट हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से है। नागालैंड, जहां अधिकतम वोट ईसाई समाज के हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी सरकार में है। जम्मू-कश्मीर, जहां पर मुस्लिम वोट निर्णायक है, वहां आज हम सत्ता में भागीदार हैं। पंजाब, जहां सिख समाज निर्णायक है, वहां हम कई वर्षों से सत्ता में शामिल हैं। ये ऐसे सारे क्षेत्र हैं। इसलिए कभी धरातल पर रह कर सोचें कि भारतीय जनता पार्टी की पहुंच, उसका विकास कहां-कहां हुआ है? आप जिन परसेप्शंस को लेकर बातें करते रहते हैं, वे बहुत पुरानी बातें हैं। कभी-कभार यह कहने को बड़ा सरल होता है, जैसे पुराने जमाने में हमारे सीताराम जी के जो पूर्वज थे, वे लोगों को यही बताते थे कि देख, वह जो गाड़ी चल रही है, उसमें पेट्रोल नहीं जल रहा है, तुम्हारा खून जल रहा है। हमने ऐसे डॉयलॉग सुने हैं, बहुत सालों से सुने हैं। क्या उन्हीं डॉयलॉग पर हम आज भी चलें? वक्त बदल चुका है और इसलिए मैं जरा पूछना चाहता हूँ।

श्री शरद यादवः सभापति जी, मैं प्रधान मंत्री जी से, उनकी सभी बातों से सहमत होते हुए एक बात निवेदन करना चाहता हूँ कि चाहे इनका राज हो, चाहे आपका राज है, हिंदुस्तान के संविधान में जो कमजोर तबकों को अधिकार मिले हैं, वे विधान सभा और लोक सभा में तो आए हैं, पहले वे इस तरफ हमारी तरफ आते थे, अब आपके साथ हैं, लेकिन हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में जो सामाजिक विषमता है और हमारे संविधान में आर्थिक और सामाजिक विषमता दूर करने का उल्लेख है। आज सामाजिक विषमता के मामले में भारत सरकार के जितने भी विभाग हैं, चाहे एजुकेशन हो, चाहे मेडिकल हो, किसी विभाग में देख लीजिए, पिछड़ी जाति से लेकर दलित और आदिवासी लोगों की क्या दुर्गति है और वे कहां पहुंचे हैं? इस सामाजिक विषमता को अगर आप दृष्टि में नहीं रखेंगे, तो यहां की संख्या से देश नहीं बदलेगा, हिंदुस्तान धरती से बदलेगा और धरती की थोड़ी-बहुत संख्या आएगी।

[श्री नरेन्द्र मोदी]

...(**व्यवधान**)... निश्चित तौर पर जो लोग आरक्षण से लाभ नहीं पा रहे हैं, उनको आप देखिए। ...(**व्यवधान**)... हम आपसे यही निवेदन करना चाहते हैं, क्योंकि आप इस काम को कर सकते हैं। यही मैं आपसे कहना चाहता हूँ।

श्री नरेन्द्र मोदीः सभापति जी, शरद जी ने मेरे दिल की बात बता दी और मैं उनका आभारी हूँ। कभी आपको मौका पड़े, तो एक किताब "सामाजिक समरसता" है, उसको आप जरूर पढ़िए। जो आपके भाव हैं, मैंने उस बारे में विस्तार से व्याख्या की है, उसे पढ़कर आपको आनंद होगा। वह आनन्द आपका होगा, ऐसा मैं नहीं कह रहा हूँ। शरद जी ने जो बात कही है, उसको मैं स्वीकार करता हूँ।

महोदय, "स्वच्छता अभियान", क्या यह कॉर्पोरेट के लिए कार्यक्रम है, अमीरों के लिए है? क्वालिटी ऑफ लाइफ के लिए हमारे हिंदुस्तान का गरीब तरस रहा है, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाला तरस रहा है। क्या हम स्वच्छता नहीं दे सकते हैं? जब मैं उस अभियान का कार्यक्रम चलाता हूँ, तो मैं उस गरीब की आवाज सुनता हूँ, माताओं-बहनों के सम्मान की बात करता हूँ। "जन-धन योजना" में इस देश के गरीबों के बैंक एकाउंट खुले। क्या यह कॉर्पोरेट वर्ल्ड का कार्यक्रम है? "जन-धन योजना" में गरीबों के बैंक के खाते खुले हैं। यह न अमीरों का कार्यक्रम है, न कॉर्पोरेट वर्ल्ड का कार्यक्रम है। स्कूलों में टॉयलेट्स, ये कौन से स्कूल हैं? जहां गरीब लोगों के बच्चे जाते हैं। सरकारी स्कूल, जहां गरीब लोगों के बच्चे जाते हैं, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चे जाते हैं, ड्राइवर का बच्चा जाता है, जिनमें अब ऐस्पिरेशन है कि बच्चों को पढ़ाना है। वहां टॉयलेट्स नहीं हैं, मैं टॉयलेट्स की बात कर रहा हूँ, इसके लिए मैं लगा हुआ हूँ। क्या यह अमीरों का, कॉर्पोरेट वर्ल्ड का कार्यक्रम है? मैं सॉयल हेल्थ कार्ड की बात कर रहा हूँ। यह किस किसान के लिए है? जिस गरीब किसान के पास कम जमीन है, 'per drop more crop' की मैं बात कर रहा हूँ, क्योंकि छोटा किसान है, जमीन कम है, उसकी उपज कैसे ज्यादा हो, उसके लिए मैं मशक्कत कर रहा हूँ। क्या यह कॉर्पोरेट वर्ल्ड का कार्यक्रम है? क्या यह अमीरों के खजाने में जाने वाला काम है? हम कोल ऑक्शन करते हैं और जो कोल ऑक्शन से पैसा आता है, हिंदुस्तान का पूर्वी बेल्ट, जिसके पास इतनी प्राकृतिक संपदा है, चाहे बिहार हो, झारखंड हो, पश्चिमी बंगाल हो, असम हो, पूर्वांचल हो, ओडिशा हो, इतनी प्राकृतिक संपदा के बावजूद भी गरीबी उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। महोदय, क्या उन राज्यों को गरीबी से बाहर लाना है या नहीं? क्या हिन्दुस्तान के पश्चिमी छोर का ही विकास होता रहेगा? मेरे मन में दर्द है, जब तक हम हिन्दुस्तान का संतुलित विकास नहीं करेंगे, तब तक देश आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए कोल ऑक्शन से जो पैसा आएगा, वह इन्हीं राज्यों के पास जाएगा, क्योंकि कोल उन्हीं के पास है और गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ने और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें एक बहुत बड़ी ताकत मिलेगी। क्या यह अमीरों या कॉरपोरेट वर्ल्ड के लिए हो रहा है?

महोदय, गंगा सफाई। इस देश की 40 प्रतिशत जनसख्या, आर्थिक दृष्टि से डायरैक्ट और इनडायरैक्ट रूप से गंगा के साथ जुड़ी हुई है। गंगा सफाई किसी के लिए श्रद्धा का विषय हो सकता है, गंगा सफाई किसी के लिए एनवायरनमेंट का विषय हो सकता है, लेकिन गंगा सफाई एक बहुत बड़ा

प्रोग्राम भी है। यह आर्थिक चेतना जगाने वाली ताकत रखता है। यह उस इलाके के गरीब से गरीब लोगों के आर्थिक जीवन में बदलाव लाने का एक बहुत बड़ा साधन बन सकता है। यह सरकार, आखिरी छोर पर बैठे हुए दरिद्र नारायण की सेवा करने के लिए अपने संकल्प को लेकर चल रही है।

स्किल इंडिया, श्री आनन्द शर्मा जी बता रहे थे। मैं बताना नहीं चाहता हूं कि कितनी कमेटियां बनीं, कितने मिशन बने, कितने लोग आए, कितने लोग गए, मैं उसकी चर्चा नहीं करना चाहता हूं, लेकिन सारी दुनिया, समृद्ध से समृद्ध देश भी एक विषय पर फोकस कर के काम कर रहे हैं और वह है स्किल डैवलपमेंट। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अच्छे ढंग से इस दिशा में काम करें। हमारे पास डैमोग्राफिक डिवीडैंड है। अगर डैमोग्राफिक डिवीडैंड है, यानी हमारे पास भुजाएं हैं, तो हाथ में हुनर भी चाहिए। सिर्फ भुजाओं से बात बनने वाली बात नहीं है। भुजाओं में हुनर भी चाहिए। अगर हुनर होगा, तो मैं समझता हूं कि इस देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारे देश का नौजवान एक बहुत बड़ी ताकत बन कर उभरेगा। इसलिए स्किल डैवलपमेंट, हिन्दुस्तान के सामान्य से सामान्य व्यक्ति, गरीब से गरीब व्यक्ति, पांचवीं कक्षा तक पढ़ा और छोड़ दिया, तीसरी कक्षा तक पढ़ा, आगे पढ़ाई छोड़ दी। उन बच्चों के लिए यह फोकस करने वाला एक कार्यक्रम है। इसे लेकर हम चल रहे हैं।

हाउसिंग फॉर ऑल। ये कौन लोग हैं, जिनके पास घर नहीं हैं। क्या ये कॉरपोरेट लोग हैं? ये गरीब लोग हैं। हमारी गरीब को घर देने की कोशिश है। हमारी कोशिश 4 करोड़ घर गांवों में और शहरों में 2 करोड़ घर बनाने की है। भारत की आजादी का अमृत महोत्सव, हम इस सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं, नहीं बढ़ सकते हैं? इसमें कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं हो सकता है। जहां पर कांग्रेस रूल की सरकारें होंगी, हम उन्हें भी कहेंगे, लीजिए, आइए, मिलिए, हम गरीबों को घर दें। यह इस सरकार का कार्यक्रम नहीं है। देश के गरीबों का कार्यक्रम है। इसलिए हम उन चीजों को लेकर चल रहे हैं। मैं मानता हूं कि हम गरीबों को लेकर जिन बातों को कर रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाने में हमें आपका पूरा सहयोग रहेगा। आप देखते हैं, बड़े बुद्धिमान लोग तो अलग-अलग एनैलेसिस करते हैं, लेकिन इस पूरे बजट में 42 परसेंट डिवॉल्यूशन राज्य को जाना, हमारे हिन्दुस्तान की इकोनॉमी को एक अलग तरह से देखना होगा और इसे अलग से देखने के लिए हमें भी सोचना होगा। अब यदि हम देश के विकास की बात करेंगे, तो राज्य सरकार की सम्पदा और राष्ट्र की सम्पदा को मिलाकर, हमें योजनाओं को एक परिप्रेक्ष्य में देखने का समय आ चुका है। इतना बड़ा डिवॉल्यूशन हुआ है और आप तो राज्यों के प्रतिनिधि हैं, आप कौंसिल ऑफ स्टेट्स हैं। इतना बड़ा डिवॉल्यूशन हुआ है कि यदि ये पैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर में जाएं, विकास में लगें, तो आप देखिए वहां की इकोनॉमी जनरेट होनी शुरू हो जाएगी। मैं आग्रह करूंगा, आप माननीय सदस्य राज्यों को रिप्रजेंट करते हैं, इतनी बड़ी अमाउंट जब राज्यों के पास गई है, तो उसका उपयोग सच्चे अर्थ में विकास में हो। अगर सच्चे अर्थ में विकास में होगा, तो राज्य बहुत तेजी से अपनी कठिनाइयों से बाहर आएंगे। मेरा आग्रह रहेगा कि इस दिशा में हम सबका ध्यान होना चाहिए।

[श्री नरेन्द्र मोदी]

इस बजट के अंदर एक मुद्रा योजना की बात कही गई है। माइक्रो यूनिट्स डैवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी। हम देखते हैं कि अपने देश में सचमुच में देश की इकोनॉमी कौन चलाता है। इस पर अध्ययन नहीं हुआ है। इस देश के जो सामान्य लोग हैं, वे रोज़गार भी देते हैं, स्वरोज़गार भी करते हैं और देश की इकानॉमी को भी चलाते हैं। ऑटोरिक्शा रिपेयर करने वाला होगा, ऑटोरिक्शा चलाने वाला होगा और ऑटोरिक्शा रखने वाला होगा। स्कूटर रिपेयरिंग करने वाला होगा, साइकिल रिपेयरिंग करने वाला होगा, जूता पॉलिश करने वाला होगा, फल बेचने वाला होगा, ब्रेड बेचने वाला होगा, ये सब सामान्य व्यक्ति हैं। इस देश में करीब साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा ऐसी इकाइयां हैं, जो 11-12 करोड़ लोगों को रोज़गार देती हैं। यह नंबर कम नहीं है। उनकी क्षमता है, एक को रोज़ी देते हैं या दो को देते हैं, रोज़गार देने की उनकी क्षमता है, लेकिन यह सब तो ऐसा है कि अगर उसको पैसा चाहिए तो कोई व्यवस्था नहीं है, जहां से उसको पैसा मिल जाए। 120 परसेंट ब्याज पर वह साहूकार के घर से पैसे लेता है और आधी ज़िंदगी उसकी ब्याज चुकाने में चली जाती है। पहली बार यह सरकार इस योजना को लेकर आई है "मुद्रा", जिसके तहत इसी वर्ग को धन मिलेगा। उसकी institutional arrangement होगी और उसके कारण वह अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगा और मैं मानता हूं देश को आर्थिक प्रगति पर ले जाने वाले जितने और पहलू हैं, उनके साथ यह बराबरी के साथ खड़ा रहेगा और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह एक ऐसा नया क्षेत्र है, जिस पर हमने फोकस किया है और मुझे विश्वास है किं वह नई ऊचाइयों पर ले जाने में फायदा करेगा। ये लोग कौन हैं? करीब 54 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में ही व्यवसाय करते हैं, अपना छोटा-मोटा कारोबार चलाते हैं। 46 परसेंट शहरों में हैं और इसमें जो काम करने वाले लोग हैं, उनमें 60 परसेंट, more than 60 per cent या तो शेड्यूल्ड कास्ट्स के हैं या शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के हैं या ओबीसी के हैं, यानी यह समाज का इतना पिछड़ा वर्ग है, जिसकी ओर अगर हम ध्यान देंगे, तो मैं समझता हूं कि वह बहुत बड़ी मात्रा में अपने काम को आगे बढ़ा सकता है और हम उसको रोज़गार देने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। अब तक इनको जो इंस्टीट्यूशनल फाइनेंस होता था ...**(व्यवधान)**...

सुश्री मायावती (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने खास तौर से रोज़गार के संबंध में सबसे ज्यादा फायदा वीकर सेक्शन के लोगों को होने के बारे में बताया है, तो इस संबंध में मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से यह कहना है कि परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अथक प्रयासों के कारण देश में एससी/एसटी और ओबीसी के लोगों को, पहले एससी/एसटी के लोगों को, बाद में आर्टिकल 340 के तहत ओबीसी के लोगों को मंडल कमिशन की रिपोर्ट के तहत आरक्षण की सुविधा मिली - शिक्षा में, सरकारी नौकरियों में और राजनीति में, लेकिन दुख की बात यह है कि एससी और एसटी के लोगों को जो आरक्षण की सुविधा मिल रही थी, खास तौर से पदोन्नति में इनको जो आरक्षण मिल रहा था, वह खत्म हो गया। इसके अलावा इतना ही नहीं, वर्तमान में बीजेपी के नेतृत्व में जो एनडीए की सरकार चल रही है, तो यह सरकार बार-बार यह कहती

है कि हम पूंजीपतियों का ध्यान नहीं रख रहे हैं, बड़े-बड़े उद्योगपतियों का ध्यान नहीं रख रहे हैं, हम जो गरीब लोग हैं, जो वीकर सेक्शन के लोग हैं, उनका ध्यान रख रहे हैं, लेकिन इस सरकार में, खास तौर से एससी/एसटी के लोगों का बड़ा उत्पीड़न हो रहा है और इस सरकार में बड़े पैमाने पर ...(**व्यवधान**)... एक मिनट... आप मेरी बात तो सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... इस सरकार में ...(**व्यवधान**)...आप मेरी बात तो सुनें।

श्री सभापति : सुन लीजिए।

सुश्री मायावती : इस सरकार में जो बड़े-बड़े कार्य हैं, वे प्राइवेट सेक्टर को दिए जा रहे हैं और प्राइवेट सेक्टर में एससी/एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। तो जब तक प्राइवेट सेक्टर में इनके लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, तो इन लोगों को अभी तक जो आरक्षण का लाभ मिल रहा था, वह भी अब खत्म हो जाएगा। इसलिए सरकार की ओर से यह कहना कि हम इन लोगों के उत्थान का ध्यान रख रहे हैं, इनको रोज़गार दे रहे हैं, तो मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से यह कहना है कि क्या आप प्राइवेट सेक्टर में एससी/एसटी के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करेंगे?...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : थैंक यू।

सुश्री मायावती : यदि आप आरक्षण की व्यवस्था नहीं करते हैं, तो मैं तो यही कहना चाहूंगी कि एससी/एसटी के लोगों को जो रिज़र्वेशन की सुविधा मिल रही थी ... वह भी प्राइवेट सेक्टर में धीरे-धीरे खत्म की जा रही है।

श्री सभापति : मायावती जी, आपने अपनी बात कह दी है। Thank you.

सुश्री मायावती : तो क्या यह पूंजीपतियों को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है? क्या यह उद्योगपतियों को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है?

श्री सभापति : नहीं, नहीं। मायावती जी..(**व्यवधान**).. आप बैठिए।..(**व्यवधान**)..

सुश्री मायावती : और यदि आप कहते हैं कि बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है तो प्रधान मंत्री जी..(**व्यवधान**)..

श्री सभापति : अब आप बैठ जाइए, प्लीज़।

सुश्री मायावती : आप बताएं कि एससी, एसटी वर्गों के लोगों के लिए क्या आप प्राइवेट सेक्टर में रिज़र्वेशन की व्यवस्था करेंगे, कृपया इसके बारे में बताएं।

MR. CHAIRMAN: Thank you, Mayawatiji. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. HANUMANTHA RAO: Mr. Chairman, Sir....*(Interruptions)*..

MR. CHAIRMAN: No. I am sorry. ...*(Interruptions)*... I am not allowing you. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. Sit down. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ....*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. HANUMANTHA RAO: Even our Prime Minister belongs to OBC. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I would be compelled to take action against you.

श्री नरेन्द्र मोदी : आदरणीय सभापति जी, यह वरिष्ठ सज्जनों का सदन है, यहां अनुभवी लोग हैं, तपस्वी लोग हैं, देश को बहुत कुछ दिया है, ऐसे लोग हैं, मैं यहां बहुत नया हूं, आप हमारी रक्षा कीजिए। आदरणीय सभापति जी, 125 करोड़ लोगों में से 29 करोड़ लोगों के पास लाइफ इंश्योरेंस है और केवल 19 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके पास Accidental Death Insurance का कवर है। केवल 6 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके पास Organized Pension Scheme का कवर है। इसके अलावा बीपीएल केटेगरी में तीन करोड़, विधवा हों या वरिष्ठ नागरिक हों, उनके लिए 300 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक आज पेंशन की व्यवस्था है। अपने आप में इतने बड़े देश में यह व्यवस्था बहुत सामान्य है। हम एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं मानता हूं कि 'प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के तहत, 'प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना' के तहत और 'अटल पेंशन योजना' के तहत हम समाज के सभी वर्गों को स्पर्श करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हम बड़ी आसान सी व्यवस्थाएं करना चाहते हैं। 18 से 70 वर्ष की आयु के लोगों के लिए प्रति मास सिर्फ एक रुपया देने पर इस योजना के द्वारा दो लाख रुपए का Accidental Death Cover बीमा होगा। मैं समझता हूं कि हमारे देश में जिस प्रकार की व्यवस्था है, उसमें यह गरीब से गरीब व्यक्ति की चिंता करने का प्रयास है। प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत साल भर के 330 रुपए, यानी प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा 1 रुपया, और वह भी 18 से 50 साल की उम्र के लोगों के लिए है, जिसमें कोई मेडिकल टैस्ट कराए बिना उसका इंश्योरेंस होगा। अगर स्वाभाविक क्रम में भी उसकी मृत्यु हो जाए तो भी उसके परिवार को 2 लाख रुपए का बीमा उपलब्ध होगा। 'अटल पेंशन योजना' के तहत पेंशन राशि के विकल्प में किसी को अगर साठ साल के बाद एक हजार रुपए पेंशन चाहिए, दो हजार चाहिए, तीन हजार चाहिए या पांच हजार चाहिए, जितनी पेंशन चाहिए, उसके हिसाब से यह योजना काम करेगी। अगर कोई 20 साल का युवक इससे जुड़ता है और यदि वह 60 साल की आयु के बाद पांच हजार रुपए की पेंशन चाहता है तो उसे 60 साल की आयु तक 248 रुपया contribute करना होगा और 60 साल के बाद जीवन भर प्रति मास पांच हजार रुपए की पेंशन उसको मिलती रहेगी। अगर उसके पहले उसका स्वर्गवास हो गया तो यह पेंशन उसकी पत्नी को continue रहेगी। इतना ही नहीं, यदि दोनों नहीं रहेंगे तो बच्चों को साढ़े आठ लाख रुपया, जो उन्होंने जमा किया है, वह वापस मिलेगा। यानी हमारे देश में सोशल सिक्योरिटी के विषय में जो अवेयरनेस चाहिए...। देश जहां पहुंचा है, वहां हमारे समाज के इस

आखिरी तबके की जिंदगी के लिए एक सतोष और सुरक्षा का भाव हो, उसकी दिशा में हमने काम करने का एक प्रयास शुरू किया है। एक प्रकार से सारे देश को, हमारा किसान यह मांग रहा था कि मैं इतनी मेहनत करता हूं, बूढ़ा हो जाता हूं, बच्चे अलग कर देते हैं, मेरे पास पेंशन होती, तो इस व्यवस्था के कारण किसान को भी पैसा मिलेगा। गृहिणी है, बुढ़ापे में अगर बच्चे ने छोड़ दिया, घर में बच्चे नहीं हैं, परेशानी है, तो पेंशन स्कीम से उसको लाभ मिलेगा।

हमने एक नया प्रयास "गोल्ड बांड" का किया है। हम देखते हैं कि देश आज़ाद हुआ, लेकिन अभी भी हमारे "गोल्ड" का हॉलमार्क किसी न किसी विदेशी हॉलमार्क से चलता है। यह मन को चुभता है कि हमारे देश के हॉलमार्क का क्या "गोल्ड" नहीं होना चाहिए? इसीलिए अब coin होगा, गिन्नी होगी, बिस्कुट होगा, अशोक चक्र के Emblem के साथ और उसकी दुनिया में भी पहुंच होनी चाहिए, उस दिशा में हम आगे बढ़ना चाहते हैं। कभी-कभी कुछ चीजें होती हैं जो स्वाभिमान से जुड़ जाती हैं, उनके कारण बहुत बड़ी ताकत खड़ी हो जाती है। हम sovereign gold bond की बात करते हैं। आज हमारे यहां 20 हजार टन सोने की बात होती है। अब हमारे आनन्द शर्मा जी फिर खड़े हो जाएंगे। वे कहेंगे कि मोदी ने 20 हजार टन कहा था, दिखाएं। मैं कहता हूं कि ऐसा कहा जाता है। ...(**व्यवधान**)...ऐसा कहा जाता है।

श्री आनन्द शर्मा : प्रधान मंत्री जी, एक मिनट। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please. He is not yielding. आनन्द जी, आप बैठ जाइए। Please. ...*(Interruptions)*... No interventions, please. ...*(Interruptions)*... Please do not intervene. ...*(Interruptions)*.. No, no, he is not conceding. ...*(Interruptions)*... He is not conceding. Please. ...*(Interruptions)*...

श्री नरेन्द्र मोदी: आज हम सोने को ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्मा: प्रधान मंत्री जी, मैं तो कुछ और कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I am sorry. ...*(Interruptions)*... He is not conceding. ...*(Interruptions)*... Please resume your place. ...*(Interruptions)*... Please resume your place. He is not conceding. ...*(Interruptions)*... No, no, he is not conceding. ...*(Interruptions)*... Please sit down. Sharma Saheb, please don't do it. ...*(Interruptions)*... He is not conceding. Please sit down. Please.

श्री नरेन्द्र मोदी : आज गोल्ड इतनी बड़ी मात्रा में एक प्रकार से वह डेड मनी की अवस्था में पड़ा है। वह अगर सर्कुलेशन में आता है, तो देश की इकोनॉमी को एक बड़ा ड्राइव मिलता है। इसलिए हम चाहते हैं, पहले नियम था कि आधे किलो से कम नहीं, अब हम कोई नियम नहीं रखना चाहते हैं, थोड़ा-सा भी हो, उसे रखो, पैसे लो और अपनी गाड़ी आगे बढ़ाओ। मैं समझता हूं कि इसके कारण

[श्री नरेन्द्र मोदी]
बहुत बड़ी मात्रा में, यह जो डेड मनी एक प्रकार से गोल्ड के रूप में पड़ा है, इससे इकोनॉमी को एक बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। इसी प्रकार से हम " sovereign gold bond" के लिए आगे बढ़ना चाहते हैं। जरूरी नहीं कि आप मेटल्स प्रत्यक्ष लें। आप कागज के रूप में भी गोल्ड ले सकते हैं। आप जब कागज वापस देंगे, तो उस समय का जितना गोल्ड होता होगा, वह आपको मिल जाएगा। एक प्रकार से इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का जो हमारा imbalance रहता है, उसको भी balance करने के लिए एक प्रयास होगा। यह एक ऐसी योजना है जिसके कारण मैं समझता हूं कि काफी लाभ होगा।

एक बात निश्चित है कि देश में अच्छी स्थिति लाने के लिए अच्छी नीति की भी जरूरत है और अच्छी रीति की भी जरूरत है। अकेली नीतियों से परिणाम नहीं आएगा इसलिए नीति और रीति का combination चाहिए, नीति और रीति की पटरी पर ही विकास की गाड़ी आगे बढ़ सकती है। इसलिए हमारी कोशिश यह है कि हम अपनी ऐसी कार्यशैली को विकसित करना चाहते हैं, जिस कार्यशैली के द्वारा हम आगे बढ़ना चाहते हैं।

श्रीमन्, यहां पर गुलाम नबी आज़ाद जी ने भी और आनन्द शर्मा जी ने भी अफसरों के तबादलों को लेकर बड़ी पीड़ा व्यक्त की और मैं देख रहा हूं कि जैसे पानी में चूना सूखता है वैसे ये लोग सूख रहे हैं। इनको इतना दर्द हो रहा है कि ट्रांसफर हो गए। मैं जरा कहना चाहता हूं कि उपदेश देने से पहले जरा हम भी आईने में अपने आपको देख लें। वर्ष 2004 में आपकी सरकार बनी थी, 2004 में सरकार बनते ही, आपने एक पल के विलम्ब बिना केबिनेट सेक्रेटरी को हटा दिया था। आपकी 2004 में सरकार बनी थी, आपने सीनियरिटी को छोड़कर के फॉरेन सेक्रेटरी की नियुक्ति की थी। 2004 में आपकी सरकार बनी थी, आपने पल भर में होम सेक्रेटरी को निकाल दिया था। 2004 में आपकी सरकार बनी थी, आपने महत्वपूर्ण डिफेंस सेक्रेटरी को पल भर में निकाल दिया था। इतना ही नहीं आपने गवर्नर्स को अंधेरे में रख करके अपमानित करके निकाल दिया था, लेकिन हमने यह काम नहीं किया।

गुलाम नबी जी, आप तो Health Minister थे। आपके समय में जब आपके ही विभाग का एक सेक्रेटरी पोलियो के लिए यूएन का सम्मान प्राप्त कर रहा था, जब उसके एक हाथ में यूएन का सम्मान दिया जा रहा था, तब दूसरे हाथ से आपने उसको निकाल दिया था। इसलिए हम क्या-क्या बातें खोलना चाहते हैं, पहले यह तय करें। मैं नया हूं, लेकिन मेरे पास खजाना बहुत बड़ा है। हम किस दिशा में जाना चाहते हैं, किसमें नहीं जाना चाहते हैं, पहले हम वह तय करें, इसीलिए हम यह कहते हैं कि हमारी यह कोशिश है, good governance हमारा प्रयास है।

यहां पर एक बात और भी आई है, कुछ तो हमारे समर्थकों के मुंह से आई है, कुछ हमारे प्रति अच्छा भाव रखने वाले लोगों की तरफ से आई है और कुछ हमसे विशेष प्रेम करने वाले लोगों की तरफ से भी आई है। मुझे तो विशेष प्रेम करने वालों का बहुत प्रेम मिला है। हमारे लिए कहा जाता है कि जमीन पर कुछ नजर नहीं आ रहा है, मोदी जी बातें तो बहुत अच्छी करते हैं, सोचते तो बहुत अच्छा हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नजर नहीं आता है।

मैं अपने साथियों से कहना चाहता हूं, लम्बे अरसे तक आप सत्ता में रहे हैं। सत्ता का एक नशा होता है। भगवान करे कि हम उस नशे से बच जाएं, लेकिन जब सत्ता का नशा होता है, तब सिर काफी ऊँचा रहता है, जब सिर ऊँचा रहता है, तो झुकने की आदत छूट जाती है और जब झुकने की आदत छूट जाती है, तब जमीन दिखती ही नहीं है, लेकिन जितना झुकोगे, उतना ही जुड़ोगे। जो जमीन की बात पूछना चाहते हैं, उनको मैं बताना चाहता हूं कि काम कैसे होता है। रेलवेज़ सरकार की है और हाईवेज़ भी सरकार की है, लेकिन दोनों के बीच इतना टकराव चलता था कि हाईवेज़ के 350 से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे थे, जिन्हें या तो रेलवेज़ मंजूर नहीं करती थी अथवा रेलवेज के प्रोजेक्ट्स को हाईवेज़ मंजूर नहीं करती थी। किसी को रोड क्रॉस करके रेल ले जानी है और किसी को रेल क्रॉस करके ओवर ब्रिज बनाना है, इस तरह कई सालों से ये 350 प्रोजेक्ट्स बीच में लटके हुए थे। जब हम आए, हमारे ध्यान में यह बात आई, हमने दोनों डिपार्टमेंट्स को एक साथ बैठाया, silo को खत्म किया, दोनों के बीच एमओयू करवाया और आज मुझे खुशी है कि इसका online portal बना दिया गया है, जिसमें online clearance दी जाती है। इससे दोनों डिपार्टमेंट्स में सालों से अटके हुए सारे के सारे, 350 प्रोजेक्ट्स क्लीयर हो गए हैं, साथ ही आगे अगर कोई भी प्रपोज़ल आएगा, उसको 60 दिनों के अन्दर क्लीयर करना तय कर दिया गया है। जो काम अभी प्रोसेस में है, उसमें सिर्फ 22 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं, जो प्रोसेस में हैं। यह है 'good governance', यह है - 'काम होना'।

आप देखिए, अब मैं जरा आपको हिसाब देता हूं कि जमीन पर कैसे काम होता है। मैं यूपीए के समय की बात करता हूं, उस समय per day 7.4 किलोमीटर्स हाईवे के एवार्ड होते थे और 5.2 किलोमीटर्स per day एचीव होता था। आनन्द जी, यह मैं हमारे 9 महीनों का हिसाब दे रहा हूं। हम per day 18 किलोमीटर्स का एवार्ड देते हैं और अब तक का रिकॉर्ड है, 10.1 किलोमीटर्स per day एचीव करते हैं, जो उस समय से डबल है। काम कैसे चलता है, सरकार जमीन पर कैसे दौड़ती है, यह मैं आपको उसकी बात बता रहा हूं।

रेलवेज़ में, UPA के समय में, 2013-14 में न्यू लाइन 319 किलोमीटर्स बनाई गई और NDA-II के 2014-15 के केवल 9 महीनों के समय में न्यू लाइन 410 किलोमीटर्स बनाई गई। 2013-14 में गेज कन्वर्जन का काम 585 किलोमीटर्स हुआ और 2014-15 के हमारे 9 महीनों के समय में 700 किलोमीटर्स हुआ। यूपीए के 2013-14 के समय में डब्लिंग का काम 675 किलोमीटर्स हुआ और हमारे 2014-15 के 9 महीनों के समय में 810 किलोमीटर्स हुआ। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर हम जमीन के साथ जुड़ें तो जमीन पर क्या चल रहा है, यह अपने आप पता चलने लग जाएगा, यह मुझे पूरा विश्वास है। सर, एक 'आदर्श ग्राम योजना' है। मुझे खास करके कुछ माननीय सांसदों का आभार भी व्यक्त करना है, उनका अभिनन्दन करना है। करीब 660 सांसदों ने इस काम को आगे बढ़ाया है और बड़े मनोयोग से आगे बढ़ाया है। कुछ लोगों की जो मुझे जानकारी है, ऐसे ही मुझे उसका उल्लेख करना अच्छा लगता है। मैं खास करके आदरणीय मोती लाल वोरा जी की बात करना चाहूँगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मोहाली गाँव में बहुत बढ़िया काम किया है। उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों को 'जन-धन' के अकाउंट खुलवा दिए और उन्होंने खुद इंटरेस्ट लिया, उनको आधार कार्ड से जोड़ दिया

[श्री नरेन्द्र मोदी]

तथा सरकारी वितरण की दुकान की निगरानी और चौकसी कमेटियों का निर्माण किया है, ताकि पीडीएस सिस्टम का लाभ गरीब से गरीब को भी मिले। आदरणीय मोती लाल वोरा जी ने इस काम को लागू किया। यानी इस प्रकार से हमारे आदरणीय सांसद रुचि लें, तो एक नया माडल गाँवों के लिए विकसित हो रहा है। मेरे पास कई लोगों की जानकारी है। मैंने देखा कि हमारे पार्लियामेंट में श्री कामाख्या प्रसाद जोरहाट से सांसद हैं, उन्होंने 'आईसीडीएस' और 'मिड डे मील' की निगरानी के लिए काफी परफेक्ट व्यवस्था बनायी है, ताकि बच्चों को अच्छा खाना मिले। श्री अशोक जी हमारे उड्डयन मंत्री हैं। उन्होंने आन्ध्र के अन्दर एक गाँव दत्तक लिया, जहाँ लोग शराब पीते थे। उन्होंने वातावरण ऐसा बनाया कि जिसके पास शराब की दुकान का लाइसेंस था, उसने सामने होकर कह दिया कि मैं सरेंडर करता हूँ, लेकिन मैं इस गाँव को शराबमुक्त करूँगा। अगर हम लोग चाहें, तो 'आदर्श ग्राम योजना' को किस प्रकार से हम आगे बढ़ा सकते हैं, मैं समझता हूँ कि इसमें सबका सहयोग रहेगा, तो यह काम आगे बढ़ेगा।

लेबर के सम्बन्ध में आपको मालूम होगा कि कई वर्षों से हमारे मजदूरों ने जो पसीना बहाया है, उनके करीब 27 हजार करोड़ रुपये सरकारी खजाने में पड़े हैं। यह अमाउंट छोटा नहीं है, लेकिन उसको कोई लेने वाला ही नहीं है। क्यों? किसी के 50 रुपये हैं, किसी के 100 रुपये हैं, तो किसी के 200 रुपये हैं और वह बेचारा पहले एक जगह पर मजदूरी करता था, अब दूसरी जगह पर चला गया। तो वापस आकर अपने 50-100 रुपये लेने के लिए वहाँ जाना, उससे भी ज्यादा वहाँ जाने का खर्चा होता है। इसी के कारण कुछ लोगों का स्वर्गवास हो गया। कोई हिसाब-किताब नहीं है। सरकारी खजाने में मजदूरों के 27 हजार करोड़ रुपये पड़े हैं। हमने एक योजना बनाने की कोशिश की है- Universal Account Number (UAN). इस Universal Account Number के द्वारा कोई मजदूर कहीं पर भी जायेगा, इस अकाउंट नम्बर के साथ उसका जो भी मनी होगा, वह वहाँ ट्रांस्फर हो जायेगा। इसके कारण यदि उन 27 हजार करोड़ रुपये में भी उसका कोई पुराना हिसाब पड़ा होगा, वह भी उसमें चला जायेगा। यह गरीब के हक का पैसा है और सरकार इसे कहीं और नहीं लगाना चाहती। हम उन पैसों को वापस करना चाहते हैं। मैं समझता हूँ कि यह काम, धरती पर एक अच्छा काम इसके द्वारा हुआ है। मैं मानता हूँ कि इसका लाभ जरूर मिलेगा।

'प्रधान मंत्री जन-धन योजना' की बहुत बातें हुई हैं। मैं उसके लिए आपका और अधिक समय लेना नहीं चाहता हूँ। यहाँ पर एक चर्चा फर्टिलाइजर के सम्बन्ध में आई। आप जानते हैं कि पिछली बार यूरिया जो 112 लाख टन था, इस बार 117 लाख टन यूरिया खाद की बिक्री आलरेडी हो चुकी है और इसलिए उसमें भी पीछे रहने का कोई कारण नहीं है।

हम बार-बार 'मनरेगा' की चर्चा करते हैं। मैंने उस सदन में जो कहा है, मैं उसको रिपीट नहीं करता हूँ, क्योंकि वह बहुत अच्छी तरह रजिस्टर हो गया है, बात पहुँच गयी है। अब देखिए, मैं थोड़ा आधार कार्ड, जिसकी चर्चा होती है और मनरेगा की बात कहूँगा। मुझे कम्पेरिज़न आलोचना करने के लिए नहीं करना है, लेकिन मुझमें यह कहने की हिम्मत है और मेरे संस्कार भी हैं कि पुरानी सब

सरकारों का कोई न कोई योगदान है, तभी तो देश यहाँ पहुँचा है। हो सकता है कि जहाँ इसे पहुँचना चाहिए, वहाँ पहुँचने में रुकावटें आई होंगी, उसमें भी योगदान होगा। लेकिन यह आधार कार्ड, जिसकी चर्चा होती है, यूपीए के 45 महीने में यानी करीब साढ़े तीन साल में 7 करोड़ "आधार" आधारित हस्तांतरण हुए थे, एनडीए के नौ महीने में 17 करोड़ हो गए हैं। कहां 45 महीने और कहां 9 महीने! यूपीए के 45 महीने में 5 हजार आधार नंबर से लिंक "मनरेगा" भुगतान किए गए थे, एनडीए के नौ महीने में 8 लाख उसके साथ जोड़ दिए गए। कहां 45 महीने का 5 हजार और कहां 9 महीने का 8 लाख! यूपीए के 45 महीनों में 1.7 करोड़ "आधार" जॉब कार्ड के साथ जोड़े गए थे, हमने नौ महीने में यह काम 5 करोड़ लोगों तक पहुंचाया। कहां 1.7 करोड़ और कहां 5 करोड़! और इसलिए कभी-कभार धरती पर--- मैंने कहा, नीति और रीति, दोनों की पटरी पर ही विकास होगा।

हम "मनरेगा" की बात करते हैं, हमने 100 दिन रोजगार की गारंटी की बात कही है, गरीब परिवार को कही है। गरीब परिवारों को 100 दिन रोजगार के अधिकार के संबंध में 2013-14 में एवरेज़ 42.5 दिन ही रोजगार मिला है यानी 50 परसेंट भी नहीं पहुंचे हैं। 2013-14 में 100 दिन की रोजगारी कितनों को मिली? केवल 6.35 परसेंट। और सबसे बड़ी बात यह है कि जब यह विषय यानी "मनरेगा" का विषय सुप्रीम कोर्ट में आया, तो यूपीए ने यह स्वीकार किया है कि "मनरेगा" में 5 साल में जो एक लाख करोड़ रुपए खर्च किये गये, हमारे पास उसकी कोई ऑडिट रिपोर्ट नहीं है। यह सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई आपकी एफिडेविट है। अब मुझे बताइए कि योजनाओं, उसकी चर्चा, वाहवाही, नियम-कानून बनें, ये सब कुछ ठीक हैं। देश को आवश्यकता है, जो भी अच्छा है, उसको हम धरती पर उतारें, गरीब के घर तक पहुंचाएं। सामान्य से सामान्य व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें और आप देखेंगे, नौ महीने में आप देखेंगे कि सरकार का प्रयास उस दिशा में है।

यहां पर आदरणीय मायावती जी ने बुन्देलखंड की चर्चा की थी। बुन्देलखंड के दो हिस्से हैं, मध्य प्रदेश में भी है और उत्तर प्रदेश में भी है। मध्य प्रदेश के छः जिलों के लिए 3,760 करोड़ रुपए दिए गए थे, उत्तर प्रदेश के सात जिलों के लिए 3,506 करोड़ रुपए दिए गए थे। मध्य प्रदेश में 96 परसेंट अमाउंट खर्च की गई। उसका यानी बुन्देलखंड का मध्य प्रदेश के हिस्से का परिणाम क्या आया? उसका परिणाम यह आया कि गेहूं के उत्पादन में 1629 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से 2323 किलोग्राम तक वह गेहूं उत्पादन को ले गए। सिंचाई में इन पैसों से उन्होंने 1 लाख 42 हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचाई के अंदर जोड़ा। वहां दूध उत्पादन 9 लाख टन था, जिसको वे 12 लाख टन तक ले गए। उन्होंने 561 मिल्क कॉपरेटिव सोसाइटियों को प्रारंभ किया। पेयजल आपूर्ति में 40 लीटर प्रति व्यक्ति से 55 लीटर तक वह पहुंचा कर ले गए।

अब आप उत्तर प्रदेश की हैं, तो मैं कहना नहीं चाहता हूँ कि वहां क्या हुआ है, उसकी रिपोर्ट मैं नहीं देता हूँ, लेकिन आपने जो चिंता व्यक्त की है, हो सकता है कि उसमें सच्चाई हो और आपका दर्द सही हो, लेकिन मध्य प्रदेश जहां दूसरा पार्ट था, उसकी जानकारी मैंने आपको दी है।

यहां पर पश्चिमी बंगाल की भी चर्चा हुई। जो लोग एक बहुत बड़ी वैश्विक विचारधारा ले करके,

[श्री नरेन्द्र मोदी]

इम्पोर्टेड आइडियाज़ ले करके देश चलाने की कोशिश करना चाहते हैं, 30 साल तक पश्चिमी बंगाल में उनको राज करने का अवसर मिला। आज जो स्थिति है, इसके लिए देरेक, मैं आपको दोष नहीं देता। आप बाकी जो करना हो करें, क्योंकि आपकी सी.आर. ठीक रहनी चाहिए। पश्चिमी बंगाल, जो कभी हिन्दुस्तान में औद्योगिक ऐक्टिविटी का कैपिटल हुआ करता था और कोलकाता की पहचान देश की औद्योगिक राजधानी के रूप में थी, वह पूरा का पूरा 30 वर्षों में नष्ट हो गया। पश्चिमी बंगाल कृषि विकास में बहुत तेज गति से बढ़ने वालों में से था, पर 30 साल में वह काफी माइनस तक पहुँच गया। इंडस्ट्रियल आउटपुट में बंगाल का हिस्सा 1980 में 10 परसेंट था, जो 4 परसेंट पर आ गया। 1976-77 में कुल फैक्ट्रियों में से 7.6 प्रतिशत बगाल में थीं, जो 2008-09 में सिर्फ 4 प्रतिशत रह गई। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिमी बंगाल)ः सर, ये गलत बोल रहे हैं।...(**व्यवधान**)...

SHRI T.K. RANGARAJAN : Hon. Prime Minister should not...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: No, no. ...*(Interruptions)*... Resume your place. ...*(Interruptions)*... Do not intervene. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

